RRB
रेलवे भर्ती बोर्ड
नर्सिंग अधीक्षक
(Nursing Superintendent)
सॉल्व्ड पेपर्स
एवं
प्रैक्टिस बुक

प्रधान सम्पादक
ए.के. महाजन

लेखन एवं सहयोग
शिखा यादव, संजय मौर्या

कम्प्यूटर ग्राफिक्स
बालकृष्ण एवं चरन सिंह

सम्पादकीय कार्यालय
12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002
9415650134
Email : yctap12@gmail.com
website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com

© All Rights Reserved with Publisher

प्रकाशन घोषणा
प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने Printed by Digital से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

₹ : 695/-

किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।

विषय सूची

सॉल्व्ड पेपर्स

- **RRB Staff Nurse Exam 2019**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 21.07.2019, Shift-I) ---------- 4-18
- **RRB Staff Nurse Exam 2019**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 21.07.2019, Shift-II) ---------- 19-33
- **RRB Staff Nurse Exam 2019**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 20.07.2019, Shift-I) ---------- 34-49
- **RRB Staff Nurse Exam 2019**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 20.07.2019, Shift-II) ---------- 50-64
- **RRB Staff Nurse Exam 2019**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 20.07.2019, Shift-III) ---------- 65-77
- **RRB (Jaipur) Staff Nurse Exam 2018**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 06.06.2018, Shift-II) ---------- 78-92
- **RRB (Ahmedabad) Staff Nurse Exam 2015**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 08.02.2015) ---------- 93-109
- **RRB (Delhi) Staff Nurse Exam 2015**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 08.02.2015) ---------- 110-124
- **RRB (Kolkata) Staff Nurse Exam 2015**
  व्याख्या सहित हल (परीक्षा तिथि : 08.02.2015) ---------- 125-138

प्रैक्टिस सेट

- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-1 ---------- 139-153**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट -2 ---------- 154-168**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट -3 ---------- 169-183**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-4 ---------- 184-198**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-5 ---------- 199-213**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-6 ---------- 214-228**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-7 ---------- 229-243**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-8 ---------- 244-258**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-9 ---------- 259-273**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-10 ---------- 274-288**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-11 ---------- 289-304**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-12 ---------- 305-320**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-13 ---------- 321-336**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-14 ---------- 337-352**
- **RRB स्टाफ नर्स प्रैक्टिस सेट-15 ---------- 353-368**

Syllabus & Exam Pattern for RRB (Nursing Superintendent)

CEN No. 04/2024

Nursing:-

Anatomy, Physiology, Nutrition, Biochemistry, Nursing Foundations, Psychology, Microbiology, Sociology, Pharmacology, Pathology, Genetics, Medical-Surgical Nursing, (Adult including Geriatrics)-1, Community Health Nursing, Child Health Nursing, Mental Health Nursing, Midwifery and Obstetrical Nursing, Nursing Research & Statistics, Management of Nursing Services and Education.

सामान्य अंकगणित:-

संख्या पद्धति, BODMAS, दशमलव , भिन्न, LCM और HCF, अनुपात और समानुपात, प्रतिशत, क्षेत्रमिति, समय और कार्य, समय और दूरी, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ और हानि, बीजगणित, ज्यामिति, त्रिकोणमिति, प्राथमिक सांख्यिकी, वर्गमूल, आयु गणना, कैलेंडर और घड़ी, पाईप और टंकी.

सामान्य बुद्धिमता और तर्क:-

Analogies, वर्णमाला और संख्या श्रृंखला, Coding and Decoding, Mathematical operations, Relationships, Syllogism, Jumbling, वेन आरेख, Data Interpretation and Sufficiency, Conclusions and Decision Making, Similarities and Differences, Analytical reasoning, Classification, Directions, Statement-Arguments and Assumptions etc.

सामान्य जागरूकता:-

सामाजिक घटना, भारतीय भूगोल, संस्कृति और भारत के इतिहास का ज्ञान, भारतीय राजनीति और संविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था, भारत और विश्व से संबंधित पर्यावरणीय मुद्दे, खेल, सामान्य वैज्ञानिक और तकनीकी विकास आदि।

सामान्य विज्ञान:-

Physics, Chemistry and Life Sciences (up to 10th Standard CBSE syllabus).

Section-wise marks:- The section wise number of questions and marks are details below.

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक आवंटित
Professional ability (व्यावसायिक क्षमता)	70	70
General Awareness (सामान्य जागरूकता)	10	10
General Arithmetic, General Intelligence and reasoning (सामान्य अंकगणित, सामान्य बुद्धि और तर्क)	10	10
General Science (सामान्य विज्ञान)	10	10
योग	**100**	**100**

RRB STAFF NURSE EXAM-2019
(Solved Paper)

Exam. Date : 21.07.2019] **[Time-09:00-10:30 am**

1. Find the next number in the series.
शृंखला में अगली संख्या ज्ञात करें।
7, 9, 13, 21, 37, ?
(a) 57 (b) 55
(c) 69 (d) 63

Ans : (c) शृंखला निम्नवत है-
7 9 13 21 37 [69]
+2 +4 +8 +16 +32

2. In domestic water sewage, which of the following things is not a part of 'Dissolved materials'?
घरेलू जल अपशिष्ट में, निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ 'विघटित पदार्थ' का भाग नहीं होता है?
(a) Nitrate /नाइट्रेट (b) Phosphate /फास्फेट
(c) Calcium /कैल्शियम (d) Sand /रेत

Ans : (d) घरेलू जल अपशिष्ट में, नाइट्रेट, फास्फेट, कैल्शियम आदि विघटित पदार्थ के भाग है जबकि रेत घरेलू जल अपशिष्ट में विघटित पदार्थ का भाग नहीं है।

3. A girl started to walk 2 km in North direction. She turned towards her right and walked 6 km and walked 3 km towards her left. Once again she took a left turn to walk 3 km before taking another left to walk 5 km. How far is she from the starting point?
एक लड़की ने उत्तर दिशा की ओर 2 किमी. चलना शुरू किया। फिर वह दाएं मुड़ी और 6 किमी. चली और बाँए मुड़कर 3 किमी. चली गई। एक बार फिर वह बाएँ मुड़ी और 3 किमी. चलकर 5 किमी. और चलने से पहले एक बार बाएँ मुड़ी। वह आरंभिक बिन्दु से कितनी दूरी पर है?
(a) 7 km (b) 5 km
(c) 3 km (d) 4 km

Ans : (c)



अभीष्ट दूरी (AG) = BC – DE = 6 – 3 = 3 km

4. What nutrient deficiency causes goiter?
किस पोषक तत्व की कमी से घेंघा रोग होता है?
(a) Iodine /आयोडीन
(b) Protein /प्रोटीन
(c) Calcium /कैल्शियम
(d) Carbohydrate /कार्बोहाइड्रेट

Ans : (a) आयोडीन तत्व की कमी के कारण घेंघा रोग (Goiter) होता है। थायरॉइड ग्रंथि के फूलकर बड़ी हो जाने को घेंघा रोग कहते हैं। रक्त में आयोडीन व थाइरॉक्सिन हार्मोन्स की कमी के कारण पीयुष ग्रन्थि से TSH का स्त्रावण बढ़ जाता है। TSH का प्रभाव थायरॉइड ग्रन्थि को अधिकाधिक हार्मोन्स स्रावित करने के लिए प्रेरित करना है। TSH के प्रभाव से थाइराइड ग्रन्थि की रूधिर से आयोडीन ग्रहण करने के लिए, कोशिकाओं की संख्या बढ़ जाती है, जिससे ग्रन्थि फूलकर बड़ी हो जाती है। कभी-कभी यह रोग किसी विशेष क्षेत्र में (जैसे- पहाड़ी क्षेत्रों में), जल व मिट्टी में आयोडीन की कमी के कारण अधिकाधिक जनता को हो जाता है। तब इसको इण्डेमिक घेंघा तथा क्षेत्र को घेंघा क्षेत्र कहते है।

5. Dandiya is the traditional folk dance of ____.
डांडिया .... का पारंपरिक लोकनृत्य है।
(a) Sikkim /सिक्किम
(b) Karnataka /कर्नाटक
(c) Gujarat /गुजरात
(d) Uttar Pradesh /उत्तर प्रदेश

Ans : (c)

राज्य		लोकनृत्य
सिक्किम	–	मारूनी, छू-फाट
गुजरात	–	डांडिया, गरबा
कर्नाटक	–	यक्षगान, कुनीटा
उत्तर प्रदेश	–	रासलीला, नौटंकी, झूला, कजरी

6. Which is the process of assigning specific duties?
विशिष्ट कर्तव्यों को निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया क्या है?
(a) Coordination /समन्वय
(b) Supervision /पर्यवेक्षण
(c) Communication /संचार
(d) Delegation /प्रतिनिधान

Ans : (d) विशिष्ट कर्तव्यों को निर्दिष्ट करने की प्रक्रिया को प्रतिनिधान (Delegation) कहते हैं। किसी उच्च अधिकारी द्वारा अधीनस्थ अधिकारी को विशिष्ट सत्ता एवं अधिकार प्रदान करना प्रत्यायोजन या प्रतिनिधान कहलाता है।

7. Which structures act as wires of a telephone in the body?
शरीर में कौन सी संरचना टेलीफोन के तार जैसा काम करती है?
(a) Muscles /मांसपेशियां (b) Nerves /तंत्रिकाएँ
(c) Arteries /धमनियाँ (d) Veins /शिराएँ

Ans : (b) तंत्रिकाएँ शरीर में टेलीफोन के तार जैसा काम करती हैं। तंत्रिकाओं का कार्य संवेदी तंत्रकीय संकेतों को शरीर के एक भाग से दूसरे भागों तक संवहन करना होता है। त्वचा, नाक, कान, आँख आदि संवेदांगी अंगों की तंत्रिका संवेदी कोशिकाएँ जब बाहरी उद्दीपनों को ग्रहण करती है तो इनसे संबंधित संवेदी, अर्थात अभिवाही तंत्रिका कोशिकाओं के तन्तुओं (Sensory or afferent Nerve Fibres) में विद्युत प्रवाह के रूप में संवेदी प्रेरणाएं उत्पन्न

होती है, जिन्हें ये तन्तु केन्द्रीय तंत्रिका तंतु में पहुँचाते हैं। केन्द्रीय तंत्र से प्रेरक अर्थात अपवाही तंत्रिका कोशिकाओं के तन्तु चालक प्रेरणाओं को पेशियों एवं ग्रंथियों अर्थात अपवाह अंगों द्वारा प्रक्रियाएं करते है।

8. In India, which of the following states has the highest number of National Parks?
भारत में, निम्न में से किस राज्य में सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान है?

(a) Tamil Nadu /तमिलनाडु
(b) Madhya Pradesh /मध्य प्रदेश
(c) Tripura /त्रिपुरा
(d) Punjab /पंजाब

Ans : (b) भारत में सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है। मध्य प्रदेश राज्य में कुल 11 राष्ट्रीय उद्यान है। जो निम्न है-
1. कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान
2. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान
3. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान
4. बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान
5. माधव राष्ट्रीय उद्यान
6. पेंच राष्ट्रीय उद्यान
7. फॉसिल जीवाष्म राष्ट्रीय उद्यान
8. संजय राष्ट्रीय उद्यान
9. वन विहार उद्यान
10. ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान
11. डायनासोर राष्ट्रीय उद्यान

9. What is the symbol of the element Gallium?
गैलियम तत्व का प्रतीक क्या है?

(a) Gl (b) Ga
(c) G (d) Gm

Ans : (b) गैलियम तत्व का प्रतीक Ga है। इसका परमाणु क्रमांक 31 तथा परमाणु द्रव्यमान 69.723 Amu है। यह तत्व प्रकृति में मुक्त अवस्था में नहीं पाया जाता है, लेकिन इसके यौगिक बॉक्साइड और जस्ते के खनिजों में अल्प-मात्रा में पाये जाते हैं। इसका उपयोग मिश्र धातु बनाने तथा अर्धचालकों में होता है।

10. The establishment of personal relationship and affection takes place in the stage of group dynamics is termed as
व्यक्तिगत संबंध और वात्सल्य की स्थापना जिस समूह गतिशीलता के चरण में होती है, उसे...... कहा जाता है।

(a) Performing /प्रदर्शन अवस्था
(b) Forming /निर्माण अवस्था
(c) Norming /आदर्श अवस्था
(d) Storming /झंझावात अवस्था

Ans : (c) व्यक्तिगत संबंध और वात्सल्य की स्थापना जिस समूह गतिशीलता के चरण में होती है, उसे आदर्श अवस्था कहते है।
* समूह गतिशीलता ग्रीक भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है शक्ति इस प्रकार समूह गत्यात्मकता समूह में छिपी हुई शक्ति के अध्ययन से संबंधित विषय है। यह समूह गति विज्ञान उन विषयो का ज्ञान देता है, जो एक समूह सक्रिय होते है।

11. What are the immediate side effects of Electroconvulsive therapy?
विद्युत-आक्षेपी चिकित्सा का तात्कालिक दुष्प्रभाव क्या है?

(a) Temporary memory loss and confusion
अस्थायी रूप से स्मृति की हानि और भ्रम
(b) Fractured and dislocated bones
अस्थिभंग और अव्यवस्थित हड्डियाँ
(c) Myocardial infarction and cardiac arrest
दिल का दौरा और पूर्ण हृदयरोध
(d) Permanent memory loss and brain damage
स्थायी रूप से स्मृति हानि और मस्तिष्क क्षति

Ans : (a) विद्युत-आक्षेपी (Electroconvulsive) चिकित्सा का तत्कालिक दुष्प्रभाव है-
* अस्थायी रूप से स्मृति की हानि और भ्रम (Halucinations)
* हिस्टीरिया (Hysteria)
* हिंसात्मक व्यवहार (Voilent Episode)

12. The real executive of the Indian government is
भारतीय सरकार का वास्तविक शासनात्मक प्रमुख ...... होता है।

(a) The President /राष्ट्रपति
(b) The Prime Minister/प्रधानमंत्री
(c) The Speaker /लोकसभा अध्यक्ष
(d) The Vice President /उपराष्ट्रपति

Ans : (b) सरकार की संसदीय प्रणाली मे कार्यपालिका और विधायिका एक दूसरे से परस्पर संबंधित होते है। इस प्रणाली में राष्ट्र का मुखिया (राष्ट्रपति) तथा सरकार का मुखिया (प्रधानमंत्री) अलग-अलग व्यक्ति होते हैं, भारत की संसदीय व्यवस्था में राष्ट्रपति नाममात्र का प्रमुख जबकि प्रधानमंत्री तथा उसका मंत्रिमंडल वास्तविक प्रमुख होता है।

13. HML analysis means
HML विश्लेषण का अर्थ .... है।

(a) Heaping, Moulding and Lowering Estimates
हीपिंग, मोल्डिंग एंड लोअरिंग एस्टिमेट्स
(b) High Medium and Low Estimates
हाई, मीडियम एंड लो एस्टिमेट्स
(c) Hierarchy, Moderate and Low Estimates
हाइरार्की, माडरेट एंड लो एस्टिमेट्स
(d) High Medical Laboratory Inventory
हाई मेडिकल लैबोरेटॉरी इन्वैन्ट्री

Ans : (b) HML अनैच्छिक नियंत्रण तकनिकी है, जिसका पूर्ण रूप High Medium and Low Estimates है।
ABC Analysis - Always Better Control
VED Analysis - Vital, Essential, Desirable
FSN Analysis - Fast, Slow moving and Non moving
SDE Analysis - Scrares, Difficult, Easy

14. Antipsychotic drugs and prescribed to decrease the psychotic symptoms by
एंटीसाइकोटिक दवाएँ .... मानसिक लक्षणों को कम करने के लिए दी जाती हैं।

(a) Depressing the central nervous system
केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को दबाकर
(b) Inhibiting production of the enzyme Monoamine oxidase inhibitors
एंजाइम मोनोमाइन ऑक्सीडेज इनहिबिटर के उत्पादन में बाधा देकर
(c) Blocking the action of dopamine in the brain
मस्तिष्क में डोपामाइन की कार्रवाई को अवरूद्ध कर
(d) Blocking reuptake of norepinephrine and serotonin
नॉरएपीनेफ्रिन और सेरोटोनिन को फटने से रोककर

Ans : (c) एंटीसाइकोटिक दवाओं को न्यूरोलेप्टीक के नाम से भी जाना जाता है। इनका उपयोग मस्तिष्क में डोपामाइन की कार्यवाही को अवरूद्ध कर मानसिक लक्षणों को कम करने के लिए किया जाता है।

15. Which AV block is also referred to as Mobitz-II?
किस AV ब्लॉक को मोबिट्ज-II भी कहा जाता है?
(a) Complete Heart block / पूरा हार्ट ब्लाक
(b) Second Degree AV Block
द्वितीय डिग्री AV ब्लॉक
(c) Third Degree AV Block /तृतीय डिग्री AV ब्लॉक
(d) First Degree AV Block /प्रथम डिग्री AV ब्लॉक

Ans : (b) एट्रियोवेंट्रिकुलर ब्लॉक (AV Block) एक प्रकार का हार्ट ब्लॉक होता है। यह प्रथम डिग्री, द्वितीय डिग्री में होता है। द्वितीय डिग्री AV ब्लॉक को Mobitz -II भी कहा जाता है। द्वितीय डिग्री (second degree AV block) विभिन्न प्रकार का होता है-
* प्रकार-1 (Type-1) second degree block
* प्रकार-2 (Type-2) second degree block
{Occasionally referred to as Mobitz type 1 or 2}
* 2 : 1 second degree Block

16. Osmotic pressure and Acid-base balance of body fluids are maintained by
शरीर के तरल पदार्थो के परासरणी दबाव और अम्ल-क्षार संतुलन को ...... के द्वारा कायम रखा जाता है।
(a) Sodium /सोडियम
(b) Magnesium /मैग्नीशियम
(c) Fluorine /फ्लोरीन
(d) Zinc /जिंक

Ans : (a) शरीर के तरल पदार्थो के परासरणी दबाव और अम्ल-क्षार (Acid-base) संतुलन को सोडियम के द्वारा कायम रखा जाता है। यह रक्तदाब संतुलन के लिए आवश्यक है। शरीर में सोडियम की कमी को हाइपोनेट्रेमिया कहते (Hyponatremia) है।

17. Which is the most suitable position for giving an enema?
एनीमा देने के लिए सबसे उपयुक्त स्थिति कौन सी है?
(a) Right lateral position /दाई पार्श्व स्थिति
(b) Lithotomy position /लिथोटॉमी स्थिति
(c) Prone position /प्रोन स्थिति
(d) Left lateral position /बाईं पार्श्व स्थिति

Ans : (d) एनीमा चिकित्सा की वह प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत पीड़ित व्यक्ति के गुदा द्वार के माध्यम से निचली आंत में तरल पदार्थ को इंजेक्ट किया जाता है। एनीमा का सर्वाधिक उपयोग चिकित्सा जाँच या प्रक्रिया से पहले आंत को साफ करने के लिए होता है। एनीमा देने के लिए सबसे उपयुक्त स्थिति बाई पार्श्व स्थिति होती है। एनीमा क्रिया शुरू करने से पहले एक या दो गिलास पानी पी लेना चाहिए क्योंकि यह प्रक्रिया डिहाइड्रेट करती है।

18. What is the SI unit of electric field strength?
विद्युत क्षेत्र शक्ति की SI इकाई क्या है?
(a) Henry/ coulomb /हेनरी/कूलॉम
(b) Joules / Coulomb/ जूल/कूलॉम
(c) Coulomb/ Newton / कूलॉम/न्यूटन
(d) Newton/ Coulomb / न्यूटन/कूलॉम

Ans : (d) किसी आवेश या आवेशित वस्तु के चारों ओर का क्षेत्र जहाँ तक उसके प्रभाव का अनुभव किया जा सके, विद्युत क्षेत्र कहलाता है। इसका SI मात्रक न्यूटन/कूलॉम होता है।

19. What is called the time required for the satellite to complete one rotation?
उपग्रह द्वारा एक घूर्णन पूरा करने के लिए जितना समय लगता है, उसे क्या कहा जाता है?
(a) Period of force /बल की अवधि
(b) Period of motion /गति की अवधि
(c) Period of Momentum /संवेग की अवधि
(d) Period of revolution /परिक्रमा की अवधि

Ans : (d) उपग्रह द्वारा एक घूर्णन पूरा करने के लिए जितना समय लगता है, उसे परिक्रमा की अवधि (Period of revolution) कहते है। पृथ्वी की परिक्रमण अवधि 365 दिन 6 घंटे 48 मिनट एवं 45.51 सेकेण्ड है।

20. Which department issues PAN number?
किस सरकारी विभाग द्वारा पैन संख्या जारी की जाती है?
(a) Financial affairs /वित्तीय मामले
(b) Revenue /राजस्व
(c) Income Tax / आयकर
(d) Economic Affairs /आर्थिक मामले

Ans : (c) स्थाई लेखा संख्या या पैन (Permanent Account Number - PAN) आयकर विभाग द्वारा जारी किया जाता है। यह एक 10 अंकों का वर्णात्मक नम्बर है जिसका उपयोग कर दाता अपना कर देने में करते हैं। यह सभी वित्तीय लेनदेन में आवश्यक है।

21. Which of the following is termed as the fetal blood vessel lying over the internal os, in front of the presenting part?
प्रसव के दौरान बच्चे के निकलने वाले हिस्से के सामने, आंतरिक ओएस के ऊपर स्थित भ्रूण की रक्त वाहिका को क्या कहा जाता है?
(a) Cord Prolapse /कॉर्ड प्रोलैप्स
(b) Cord Presentation /कॉर्ड प्रेजेंटेशन
(c) Occult Cord Prolapse /अकल्ट कॉर्ड प्रोलैप्स
(d) Vasa previa /वासा प्रेविया

Ans : (d) प्रसव के दौरान बच्चे के निकलने वाले हिस्से के सामने, आंतरिक ओएस के ऊपर स्थित भ्रूण की रक्त वाहिका को वासा प्रेविया कहा जाता है। आंतरिक स्थितियों में एक प्लेसेंटा प्रीविया की स्थिति होती है जिसके कारण योनि से रक्तस्राव सबसे गंभीर खतरा होता है। प्लेसेंटा प्रीविया होने की संभावना तीसरी तिमाही में अधिक रहती है, यह संभावना तब होती है जब गर्भाशय की निचली परत प्रसव के लिए तैयार होते हुए पतली हो जाती है, इससे गर्भाशय ग्रीवा को ढक रही गर्भनाल से रक्तस्राव हो सकता है।

22. Facial palsy is also known as
चेहरे के लकवे को .... के नाम से भी जाना जाता है।
(a) Erb's palsy /एर्ब अंगघात
(b) Klumpke's palsy /क्लम्पके का अंगघात
(c) Bell's palsy /बेल अंगघात
(d) Brachial palsy /ब्रेकीअल अंगघात

Ans : (c) बेल्स पाल्सी एक ऐसी स्थिति है जिसमें चेहरे के एक तरफ की मांस पेशियाँ अस्थायी रूप से कमजोर हो जाती है। यह फेशियल पैरालिसिस (आधे चेहरे का लकवा) का प्रमुख कारण है। यह चेहरे के दोनों तरफ भी हो सकता है। चेहरे की मांसपेशियों में लकवा मारने के कुछ सामान्य निम्न कारण हो सकते है–

1. चेहरों की नसों में सूजन
2. सिर में या गर्दन में ट्यूमर बनना
3. सिर पर चोट लगना।
बेल्स पाल्सी का इलाज- ओरल स्टेरॉयड (जैसे की प्रोडनीसोन) और एंटीवायरल दवाओं के उपयोग से यह रोग ठीक हो जाता है।

23. An individual expressing his failures and difficulties by blaming others is known as
अपनी असफलताओं और कठिनाइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़ने को .... कहा जाता है।
(a) Repression /दमन (b) Projection /विक्षेप
(c) Sublimation/उर्ध्वपातन (d) Denial /खण्डन

Ans : (b) अपनी असफलताओं और कठिनाइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़ने को विक्षेप (Projection) कहा जाता है। यह व्यामोह (Paranoia) का एक सामान्य गुण है, जहां लोग दूसरो पर खुद को न पंसन्द करते है, इस लिए उनका मानना है कि ज्यादातर लोग उन्हे नापसंद करते है, projection अस्वीकार्य व्यवहार को सही ठहराने में मदद करता है। और आमतौर पर इस्तेमाल किया जाने वाला रक्षा तंत्र है।

24. In which condition the projectile vomiting is seen?
किस स्थिति में प्रक्षेप्य उल्टी देखी जाती है?
(a) Duodenal atresia /ग्रहणी अविवरता
(b) Intussusception /अंत्रावेष्टांश
(c) Megacolon /महाबृहदांत्र
(d) Pyloric stenosis /पायलोरिक स्टेनोसिस

Ans : (d) पायलोरिक स्टेनोसिस आमतौर पर छः महीनो से कम के छोटे बच्चों में होता है इस स्थिति में पायलोरस मांसपेशियां भोजन को छोटी आंत में प्रवेश करने से रोक देती है। पायलोरिक स्टेनोसिस की स्थिति में प्रोजक्टाइल उल्टी देखी जाती है।

25. The maternal mortality ratio is expressed in tems of
मातृ मृत्यु अनुपात......संदर्भ में अभिव्यक्त की जाती है।
(a) 1000 live births /1000 जीवित जन्म
(b) 100 live births /100 जीवित जन्म
(c) 10000 live births /10000 जीवित जन्म
(d) 100000 live births /100000 जीवित जन्म

Ans : (d) एक लाख जीवित जन्म पर होने वाली मातृ मृत्यु की संख्या मातृ मृत्यु अनुपात कहलाती है मातृ मृत्यु दर (MMR) सभी देशों में प्रसव के पूर्व या उसके दौरान या बाद में माताओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार के प्रयासों के लिए एक प्रमुख प्रदर्शन संकेतक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार MMR गर्भावस्था या उसके प्रबंधन से संबंधित किसी भी कारण से (आकस्मिक या अप्रत्याशित कारणों को छोड़कर) प्रति 100000 जीवित जन्मों में मातृ मृत्यु की वार्षिक संख्या है।

26. A train passes a station platform in 65 seconds and a man standing on the platform in 49 seconds. If the speed of the train is 29 m/s, what is the length of the platform? (meter)
एक रेलगाड़ी एक स्टेशन प्लेटफार्म को पार करने में 65 सेकंड और प्लेटफार्म पर खड़े व्यक्ति को पार करने में 49 सेकंड का समय लेती है। यदि रेलगाड़ी की गति 29 मी./से. है, तो प्लेटफार्म की लंबाई कितनी है? (मीटर में)
(a) 484 (b) 494
(c) 464 (d) 474

Ans : (c) माना रेलगाड़ी की लम्बाई = x मी.
$29 = x/49$ (चाल = दूरी/समय)
$x = 29 \times 49 = 1421$ मी.
यदि प्लेटफार्म की लंबाई y मी. हो तो
$$29 = \frac{1421 + y}{65}$$
$1421 + y = 1885$
$y = 1885 - 1421 = 464$

27. Which drug is preferred in urinary and genital infections?
मूत्र और जननांग संक्रमण में कौन सी दवा अधिमान्य है?
(a) Norfloxacin /नरफ्लोक्सासिन
(b) Pefloxacin /पेफ्लोक्सासिन
(c) Ofloxacin /ओफ्लॉक्सासिन
(d) Ciprofloxacin /सिप्रोफ्लोक्सासिन

Ans : (c) ओफ्लॉक्सासिन एक एंटीबायोटिक है। यह DNA Replication को बाधित करके बैक्टीरिया को मारता है। यह दवा बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकने का कार्य करती है। यह एंटीबायोटिक केवल जीवाणु संक्रमण का इलाज करती है। यह दवा फ्लोरोक्विनोलीन एंटीबायोटिक दवाओं के वर्ग से संबंधित है। इसका उपयोग मूत्र पथ के संक्रमण, स्त्रीरोग संबंधी संक्रमण, प्रोस्टेट ग्रंथि की सूजन, मूत्राशय के संक्रमण के इलाज के लिए किया जाता है।

28. The lack of oxygen in the tissue is called
ऊतक में ऑक्सीजन की कमी को .... कहा जाता है।
(a) Anorexia /एनोरेक्सिया
(b) Anoxia /ऐनोक्सीया
(c) Cyanosis /साइअनोसिस
(d) Hypoxia /हाइपोक्सिया

Ans : (d)

हाइपोक्सिया	–	ऊतकों में पर्याप्त रूप से आक्सीजन नहीं मिलती है।
एनोरेक्सिया	–	खाने से संबंधित विकार जिसमें व्यक्ति अपनी भूख को लेकर चिंताग्रस्त रहता है।
साइअनोसिस	–	ऑक्सीजन से संबंधित रोग जिसमें त्वचा, ओंठ, नाखून तथा आखों की नीचे का भाग नीला हो जाता है।
ऐनोक्सीया	–	शरीर में आक्सीजन की भारी कमी।

29. _____ is also known as Ascorbic acid.
किसे एस्कॉर्बिक अम्ल के रूप में जाना जाता है?
(a) Vitamin E /विटामिन ई
(b) Vitamin C /विटामिन सी
(c) Vitamin D/ विटामिन डी
(d) Vitamin A/ विटामिन ए

Ans : (b) विटामिन सी को एस्कॉर्बिक अम्ल के रूप में जाना जाता है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग, मसूढ़ों में खून आना शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर हो जाता है। विटामिन C मुख्यतः खट्टे फलो में पाया जाता है।
विटामिन E- विटामिन E का रासायनिक नाम टोकोफेरॉल होता है। यौगिक का रासायनिक सूत्र ($C_{29}H_{50}O_2$) है। यह वनस्पति तेलों से प्राप्त होता है।

■ विटामिन E की कमी से प्रजनन क्षमता में कमी हो जाती है।

विटामिन E के स्त्रोत-

■ वनस्पति तेल, अंकुरित गेहूँ, पत्तेदार सब्जियाँ, दूध आदि विटामिन E के मुख्य स्त्रोत है। इसे ब्यूटी विटामिन भी कहते है।

विटामिन D-विटामिन D का रासायनिक नाम कैल्सिफेरॉल होता है।

■ विटामिन D की कमी से बच्चों में रिकेट्स और वयस्कों में ओस्टीयोमलेशिया नामक रोग हो जाता है।

विटामिन D के मुख्य स्त्रोत-धूप, अण्डा, मछली, मक्खन आदि है।

30. Which is the basis of ABC analysis in inventory control?
वस्तुसूची प्रबंधन में ABC विश्लेषण का आधार क्या है?

(a) Criticality of items /वस्तुओं का महत्व
(b) Annual consumption value /वार्षिक खपत मूल्य
(c) Procurement difficulty of items
वस्तुओं की खरीद में कठिनाई
(d) Unit cost of items /वस्तुओं की इकाई लागत

Ans : (b) 'ABC विश्लेषण' सामग्री प्रबंधन में प्रायः इस्तेमाल होने वाली वस्तु सूची के वर्गीकरण तकनीक को परिभाषित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, जिसका आधार वार्षिक खपत मूल्य है। यह संस्थान के संसाधनों को वर्गीकृत करने का एक तरीका है।

31. Which one of the following is the process of urination resulting from voluntary and involuntary muscles?
निम्न में से कौन सी स्वैच्छिक और अनैच्छिक मांसपेशियों के परिणामस्वरूप पेशाब की प्रक्रिया है?

(a) Micturition process /मिक्चरिशन प्रक्रिया
(b) Prostate process /प्रोस्टेट की प्रक्रिया
(c) Kidney process /गुर्दे की प्रक्रिया
(d) Glomerular process /ग्लोमेरूलर प्रक्रिया

Ans : (a) मिक्चरिशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें मूत्र को शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है। मनुष्यों के शरीर में अपशिष्ट उत्पादों को खत्म करने के लिए उत्सर्जन प्रणाली के रूप में ज्ञात अंगों की एक विशेष प्रणाली है।

Micturition process स्वैच्छिक और अनैच्छिक मांसपेशियों के परिणाम स्वरूप एक मूत्र की प्रक्रिया है। Micturition प्रक्रिया में दो चरण होते है, भंडारण चरण व शून्य चरण।

32. Which is not a therapeutic communication technique?
कौन सी चिकित्सीय संचार तकनीक नहीं है?

(a) Humour /परिहास
(b) Informing /सूचना देना
(c) Automatic response /स्वतः प्रतिक्रिया
(d) Reflection /प्रतिबिंबित करना

Ans : (c) चिकित्सीय संचार तकनीक एक तरह से मनोचिकित्सा का एक रूप है जो मौखिक और गैरअवयव तकनीक का उपयोग करता है। चिकित्सीय संचार तकनीकी व्यापक रूप से स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में, विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य में उपयोग किया जाता है। Informing, Reflection, Humour आदि चिकित्सीय संचार तकनीकी के अन्तर्गत आते है। स्वतः प्रतिक्रिया इस संचार तकनीकी के अन्तर्गत नहीं आती है।

33. In which condition oral pills should not be given to a women?
किस दशा में महिलाओं को मुँह से खाने वाली गोलियाँ नहीं दी जानी चाहिए?

(a) Vaginal infection / यौनि संक्रमण
(b) Asthma /दमा
(c) Hypertension /उच्च रक्तचाप
(d) Menstrual problems /मासिक स्राव संबंधी समस्याएं

Ans : (c) रक्त धमनियों की दीवारों को जिस शक्ति के साथ धक्का देता है, उस शक्ति के माप को रक्तदाब कहा जाता है। हाइपरटेंशन या उच्च रक्त चाप सामान्यतः एक ऐसी अवस्था है जिसमें धमनियां सिकुड़ जाती है इसके कारण रक्त धमनियों की दीवारों को अधिक शक्ति के साथ धकेलता है। उच्च रक्त चाप वाले रोगियों को दिल की बीमारी तथा दौरे की समस्या ज्यादा होती है। हाइपरटेंशन या उच्च रक्त चाप की दशा में महिलाओं को मुँह से खाने वाली गोलियाँ नहीं दी जानी चाहिए।

उच्च रक्त चाप होने के कारण-

⇒ मानसिक संभ्रम
⇒ ज्यादा पसीना आना
⇒ खून बहना घबराहट
⇒ त्वचा का पीला या लाल होना
⇒ चक्कर आना
⇒ नपुंसकता
⇒ दृष्टि में परिवर्तन

34. The Brodmann area number that corresponds to the primary visual cortex is __
वह ब्रोडमैन क्षेत्र संख्या जो प्राथमिक दृश्य प्रांतस्था से मेल खाती है, वह .... है।

(a) Three /तीन (b) Seventeen /सत्रह
(c) Forty one /इकलातीस (d) Four /चार

Ans : (b) ब्रोडमैन क्षेत्र संख्या 17 प्राथमिक दृश्य प्रांतस्था से मेल खाती है। इसको कैलकैराइन कार्टेक्स, स्ट्रेट कार्टेक्स अथवा V_1 के नाम से भी जाना जाता है। यह रेटिना का प्रमुख क्षेत्र है जहाँ पर इनपुट संकेत आते है।

35. By selling a CPU for Rs. 7935, a man makes a profit of 15%. At what price should he sell it to make a profit of 25%? (in Rs.)
एक सीपीयू को रू. 7935 में बेचने पर एक व्यक्ति 15% का लाभ प्राप्त करता है। 25% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे यह किस मूल्य पर बेचना चाहिए? (रू.में)

(a) 8725 (b) 8525
(c) 8825 (d) 8625

Ans : (d) CPU का क्रय मूल्य $= \frac{7935\times100}{(100+15)} = 6900$

25% लाभ हेतु अभीष्ट मूल्य $= \frac{6900(100+25)}{100} = 8625$

36. Which sampling could be effective during a sampling frame is difficult to identify in research?
शोध के दौरान जिस नमूना फ्रेम की पहचान करना मुश्किल होती है, उसके लिए कौन सा नमूनाकरण प्रभावी हो सकता है?

(a) Quota /कोटा
(b) Convenient /सुविधाजनक
(c) Purposive /सप्रयोजन
(d) Snowball /स्नोबाल

Ans : (d) शोध के दौरान जिस नमूना फ्रेम की पहचान करना मुश्किल होती है, उसके लिए स्नोबाल नमूनाकरण प्रभावी होता है। इस निर्देशन का प्रयोग उस परिस्थिति में किया जाता है, जब समग्र की इकाई और उनकी संख्या ज्ञात और निश्चित न हो। इस विधि में एक व्यक्ति, दूसरे व्यक्ति की जानकारी देता है और फिर दूसरा किसी तीसरे की। इसी प्रकार इकाईयों की संख्या में वृद्धि होती रहती है एवं शोध हेतु पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हो जाते है।

37. Which is a macromineral that the body needs to work properly?
शरीर को ठीक तरह से काम करने के लिए कौन सा स्थूल खनिज आवश्यक है?

(a) Gold /सोना (b) Silver /चाँदी
(c) Lead /सीसा (d) Calcium /कैल्शियम

Ans : (d) शरीर को ठीक तरीके से काम करने के लिए स्थूल खनिज में कैल्शियम आवश्यक है। कैल्शियम एक रासायनिक तत्व है यह जीवित प्राणियों के लिए अत्यन्त आवश्यक है। कैल्शियम की कमी को Hypocalcemia के नाम से जाना जाता है, जिसका तात्पर्य ऐसी स्थिति से है, जब खून में कैल्शियम का स्तर कम हो जाता है। कैल्शियम की कमी से विभिन्न प्रकार की समस्या हो सकती है जैसे- थकावट महसूस होना, मांसपेशियों में ऐंठन होना, भूख न लगना, नाखून का कमजोर होना, हड्डियों का कमजोर होना।

कैल्सियम की कमी की पहचानः-
⇒ ब्लड टेस्ट करना
⇒ एल्ब्युमिन टेस्ट करना
⇒ हड्डियों की जाँच करना

कैल्शियम की कमी से बचावः-
⇒ हेल्थी डाइट जैसे- दूध, दही, हरी सब्जी को अपनाना
⇒ समय-समय पर हेल्थ चेकअप कराना
⇒ पर्याप्त नींद लेना

38. Which one of the following is the major cause of postpartum haemorrhage?
निम्नलिखित में से कौन सा प्रसवोत्तर रक्तस्राव का प्रमुख कारण है?

(a) Atonic Uterus /एटोनिक यूटेरस
(b) Thrombin /थ्रोम्बिन
(c) Pre-Eclampsia /पूर्व प्रसवाक्षेप
(d) Incoordinate Uterine Action
इनकोर्डिनेट यूटेरिन एक्शन

Ans : (a) प्रसवोत्तर रक्तस्राव का प्रमुख कारण गर्भाशय एटनी होता है। मुख्य रूप से प्रसव के बाद गर्भाशय प्लेसेंटा को बाहर धकेलने के बाद संकुचित हो जाती है जिससे रक्तस्राव रूक जाता है, लेकिन यदि गर्भाशय ठीक से संकुचित नहीं हो पाता है, तो रक्तस्राव जारी रहता है। यह समस्या अधिकतर ज्यादा उम्र की महिलाओं में होती है या फिर जुड़वा बच्चे या एनीमिया होने पर भी यह समस्या उत्पन्न हो सकती है।

39. What is a Bacille Calmette-Gurin (BCG)?
बेसिल कैलमेट-ग्यूरिन क्या है?

(a) Toxoid /टॉक्साइड
(b) Immunoglobulin /इम्युनोग्लोबुलिन
(c) Live attenuated vaccine /जीवंत तनुकृत टीका
(d) Killed vaccine /निष्क्रिय टीका

Ans : (c) टीका किसी विशेष बीमारी द्वारा भविष्य में होने वाले रोग के खिलाफ प्रतिरक्षी तंत्र को प्रेरित करता है। बी.सी.जी. का टीका मुख्यतः टीबी की रोकथाम के लिए उपयोग किया जाता है। बी.सी.जी. एक प्रकार का जीवांत तनुकृत टीका (Live attenuated vaccine) है। BCG के टीके का चिकित्सकीय रूप में उपयोग पहली बार 1921 में किया गया था। यह टीका बच्चों को जन्म के समय दिया जाता है। अपने बच्चे के जन्म के कुछ दिनों बाद से लेकर छः महीने तक यह टीका दिला देना चाहिए, हालांकि पाँच वर्ष की उम्र तक कभी भी टीका लगवाया जा सकता है।

40. Which conventions are followed for spherical mirrors and lens?
गोलीय दर्पणों और लेंसों के लिए किस चिह्न-परिपाटी का अनुसरण किया जाता है?

(a) New Einstein sign /नया आइंस्टाइन चिह्न
(b) New Cartesian sign /नया कार्तीय चिह्न
(c) New Huygens sign /नया ह्यूजेंस चिह्न
(d) New Newton sign /नया न्यूटन चिह्न

Ans : (b) गोलीय दर्पणों द्वारा प्रकाश के परावर्तन पर विचार करते समय हम एक निश्चित चिह्न परिपाटी का पालन करेगें, जिसे नयी कार्तीय चिह्न परिपाटी कहते है। इस परिपाटी में दर्पण के ध्रुव (P) को मूल बिन्दु मानते है। दर्पण के मुख्य अक्ष को निर्देशांक पद्धति का x-अक्ष (xx^1) लिया जाता है। यह परिपाटी निम्न प्रकार है-

(i) बिंब सदैव दर्पण के बाई ओर रखा जाता है। इसका अर्थ है कि दर्पण पर बिंब से प्रकाश बाई ओर से अपतित होता है।
(ii) मुख्य अक्ष के समांतर दूरियाँ दर्पण के ध्रुव से मापी जाती है।
(iii) मूल बिन्दु के दाई ओर (+x अक्ष के अनुदिश) मापी गयी सभी दूरियाँ धनात्मक मानी जाती है जबकि मूल बिन्दु के बाई ओर (–x अक्ष के अनुदिश) मापी गई दूरियाँ ऋणात्मक मानी जाती है।
(iv) मुख्य अक्ष के लंबवत तथा ऊपर की ओर (+y अक्ष के अनुदिश) मापी जाने वाली दूरियाँ धनात्मक मानी जाती है।
(v) मुख्य अक्ष के लंबवत तथा नीचे की ओर (–y अक्ष के अनुदिश) मापी जाने वाली दूरियाँ ऋणात्मक मानी जाती है।



41. Which is called as Non-probability sampling?
गैर-संभाव्यता नमूनाकरण किसे कहा जाता है?

(a) Cluster sampling /गुच्छ नमूनाकरण
(b) Systematic sampling /व्यवस्थित नमूनाकरण
(c) Stratified random sampling
स्तरीय यादृच्छिक नमूनाकरण
(d) Quota sampling /कोटा नमूनाकरण

Ans : (d) कोटा नमूनाकरण (Quota sampling) एक गैर संभाव्यता (Non-probability) नमूनाकरण पद्धति है जिसमें एक समरूप समूह से डेटा एकत्र किया जाता है। यह दो चरणीय प्रक्रिया है जिसमें दो विभिन्नताओं (Variable) द्वारा आबादी से जानकारी को प्राप्त किया जाता है।

42. Which disease is Fatal brain disorders that are caused by the prion protein?
कौन सा घातक मस्तिष्क विकार रोग है, जो प्राइऑन प्रोटीन के कारण होता है?

(a) Pick's Disease /पिक रोग
(b) Mad cow disease /मैड काउ रोग
(c) Creutzfeldt-Jakob disease /क्रूट्सफेल्ड जेकब रोग
(d) Lewy Body Disease /लेवी बॉडी रोग

Ans : (c) क्रूट्सफेल्ड जेकब रोग एक घातक मस्तिष्क विकार रोग है, जो प्राइऑन प्रोटीन के कारण होता है। यह बीमारी डिमेंशिया का एक प्रकार है। दिमाग की काम करने की क्षमता को कम करने वाला रोग क्रूटसफेल्ड जेकब रोग कहलाता है। यह रोग दूषित मांस खाने से, संक्रमित ऊतक के साथ संपर्क के माध्यम से हो सकता है।

43. What is the renal threshold value of glucose?
ग्लूकोज का वृक्कीय सीमा रेखा मान क्या है?

(a) 182 Mg/dl (b) 188 Mg/ dl
(c) 185 Mg/dl (d) 180 Mg/dl

Ans : (d) ग्लूकोज सरल कार्बोहाइड्रेट है यह जल में घुलनशील होता है तथा इसका रासायनिक सूत्र $C_6H_{12}O_6$ है। यह स्वाद में मीठा होता है तथा सजीवों की कोशिकाओं के लिए ऊर्जा का सर्व प्रमुख स्रोत है। ग्लूकोज का वृक्कीय सीमा रेखा मान (renal threshold value) 180 Mg/dl होता है। यह प्लाज्मा ग्लूकोज सांद्रता की वह सीमा है। जिसके ऊपर ग्लूकोश्यूरिया हो जाता है।

ग्लूकोज के लाभः-

⇒ ऊर्जा का स्रोत होता है
⇒ दिमागी कार्यों में सहायक होता है।
⇒ शारीरिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने में मददगार होता है।
⇒ शरीर के तापमान को कंट्रोल में रखता है।

44. Which one of the following is an example of the risk for infection in nursing diagnosis?
निम्नलिखित में से कौन सा नर्सिंग निदान में संक्रमण के लिए जोखिम का एक उदाहरण है?

(a) Wellness Nursing Diagnosis
वेलनेस नर्सिंग डायग्नोसिस
(b) Diagnostic Nursing Diagnosis
डायग्नोस्टिक नर्सिंग डायग्नोसिस
(c) Risk Nursing Diagnosis /रिस्क नर्सिंग डायग्नोसिस
(d) Actual Nursing Diagnosis
एक्चुअल नर्सिंग डायग्नोसिस

Ans : (c) नर्सिंग निदान एक नैदानिक निर्णय है जो किसी परिवार या समुदाय द्वारा स्वास्थ्य स्थितियों/जीवन प्रक्रियाओं के प्रति मानवीय प्रतिक्रिया से संबंधित है। नर्सिंग निदान नर्सिंग मूल्यांकन के दौरान प्राप्त ऑकड़ों के आधार पर विकसित किया जाता है और नर्स को देखभाल योजना विकसित करने में सक्षम बनाता है। नर्सिंग निदान का उद्देश्य निम्न है-

⇒ नर्सिंग प्राथमिकताओं की पहचान करने में मदद करता है और पहचान की प्राथमिकताओं के आधार पर सीधे नर्सिंग हस्तक्षेप में मदद करता है।

45. Which causes Klinefelter syndrome?
क्लाइनफेल्टर सिन्ड्रोम किस कारण से होता है?

(a) Xo (b) Xyy
(c) Xx (d) Xxy

Ans : (d) जब पुरूषों में अतिरिक्त X-क्रोमोसोम आ जाता है, उस स्थिति को क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम कहते है। हमारे शरीर में 23-23 के दो सेट क्रोमोसोम उपलब्ध होते है। जहाँ पुरूषों में X और Y दो तरह के क्रोमोसोम पाए जाते है, वहीं महिलाओं में केवल X-क्रोमोसोम, जब पुरूषों में अतिरिक्त X-क्रोमोसोम आ जाता है, उस स्थिति को क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम कहते हैं। क्लाइनफेल्टर सिन्ड्रोम Xxy के कारण होता है।

46. The three-tier system of Panchayat Raj was recommended by
पंचायत राज की त्रिस्तरीय प्रणाली की सिफारिश किसने की थी?

(a) Jai Prakash Narain Committee
जय प्रकाश नारायण समिति
(b) Simon commission/साइमन कमीशन
(c) Kaka Kalelkar Committee
काका कालेलकर समिति
(d) Balwant Rai Mehta Committee
बलवंत राय मेहता समिति

Ans : (d) पंचायतीराज की त्रिस्तरीय प्रणाली की सिफारिश बलवंत राय मेहता समिति ने की थी। पंचायतीराज की त्रिस्तरीय प्रणाली में ग्राम, तालुका और जिला आता है। पंचायतीराज का शुभारम्भ स्वतंत्र भारत में 2 अक्टूबर, 1959 ई. को भारत के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा राजस्थान राज्य के नागौर जिला में किया गया।

47. The Schick test is done for the diagnosis of
किस रोग के निदान के लिए स्किक परीक्षण किया जाता है?

(a) Diphtheria /डिप्थीरिया (b) Measles /खसरा
(c) Rubella /रूबेला (d) Mumps /मम्प्स

Ans : (a) डिप्थीरिया संक्रामक रोग है, जो 2 से लेकर 10 वर्ष तक की आयु के बालकों को अधिक होता है। इस रोग का कारण Corynobacterium diphtheriae नामक जीवाणु होता है। नाक का बहना, गले में दर्द, बुखार आदि इस रोग का लक्षण है। डिप्थीरिया रोग के निदान के लिए स्किन परीक्षण किया जाता है।

नोट- डिप्थीरिया से सुरक्षा के लिए बच्चों को डीपीटी का टीका लगवाना चाहिए।

खसरा (Measles)- खसरा मुख्यतः बच्चों का रोग है। यह एक विषाणु जनित रोग है। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में आसानी से फैलता है। इसमें शरीर में लाल रंग के चकत्ते उभर आते है।

लक्षण- बुखार, खांसी, नाक बहना आदि।

रूबेला (Rubella)-रूबेला को 'जर्मन खसरा' के रूप में जाना जाता है और यह रूबेला वायरस के कारण होता है।

लक्षण- बुखार सिर दर्द, लसिका ग्रन्थियों का बढ़ना आदि।

मम्प्स (Mumps)- मम्प्स एक तीव्र संक्रामक रोग है। इसका संक्रमण वाइरस द्वारा होता है, जो पैरोटिड एवं अन्य लार ग्रन्थियों को प्रभावित करता है। थूक के कण के संक्रमण द्वारा फैलने वाली तीव्र बीमारी है।

48. Which one of the following is the last part of the small intestine?
छोटी आँत का सबसे अंतिम हिस्सा निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) Ileum /लघ्वान्त्र (b) Jejunum /मध्यांत्र
(c) Duodenum /पाचनांत्र (d) Appendix /उपांत्र

Ans : (a) छोटी आँत का सबसे अंतिम हिस्सा लघ्वान्त्र (Ileum) कहलाता है। इसके सतह पर विली (Villi) पायी जाती है। जिसके द्वारा विटामिन B_{12} पित्त लवण तथा मध्यान्त्र द्वारा छोड़े गये ऐसे पदार्थो का अवशोषण होता है जिसको मध्यान्त्र अवशोषित नहीं कर पाता।

49. Which of the following metals is in liquid state at room temperature?
निम्नलिखित में से कौन सी धातु सामान्य तापमान पर तरल अवस्था में होती है?

(a) Sodium /सोडियम (b) Mercury /पारा
(c) Coal /कोयला (d) Sulphur /सल्फर

Ans : (b) पारा (Hg) धातु सामान्य तापमान पर तरल अवस्था में होती है। इसका परमाणु क्रमांक 80 है। इसका उपयोग मापक उपकरणों (थर्मामीटर, बैरोमीटर, मैनोमीटर) में होता है। इसका प्रमुख अयस्क सिनेबार है।

50. The optimal head circumference will be 45 cms at ___
.... में इष्टतम सिर परिधि 45 सेंटीमीटर होगी।

(a) 12 months of age /12 महीने की उम्र
(b) 8 months of age /8 महीने की उम्र
(c) 4 months of age /4 महीने की उम्र
(d) 6 months of age /6 महीने की उम्र

Ans : (a)

Age (months)	Head Circum ference (cm)
0.5	33 cm
1.5	35 cm
2	37 cm
6	41 cm
8	42 cm
12	45 cm
15	45.61 cm

51. Pyridoxine is otherwise called as _____
पायरिडॉक्सीन को .... के नाम से भी जाना जाता है।

(a) Vitamin B1 /विटामिन बी1
(b) Vitamin B2 /विटामिन बी2
(c) Vitamin B12 /विटामिन बी12
(d) Vitamin B6/ विटामिन बी6

Ans : (d) Pyridoxine को विटामिन B6 के रूप में भी जाना जाता है। मीट, पोल्ट्री, साबुत अनाज, केला जैसे खाद्य पदार्थो में विटामिन B6 स्वाभाविक रूप से होता है। विटामिन B6 शरीर में कई प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है। Pyridoxine का उपयोग विटामिन B6 की कमी के उपचार के लिए किया जाता है। इसका उपयोग एक निश्चित प्रकार के एनीमिया (लाल रक्त कोशिकाओं की कमी) के इलाज के लिए भी किया जाता है। Pyridoxine इंजेक्शन का उपयोग शिशुओं में कुछ प्रकार के दौरे का इलाज करने के लिए भी किया जाता है।

52. On dividing a number by 483, we get 68 as remainder. On dividing the same number by 69, what will be the remainder?
किसी संख्या को 483 से विभाजित करने पर हमे शेषफल 68 प्राप्त होता है। उसी संख्या को 69 से विभाजित करने पर शेषफल क्या होगा?

(a) 38 (b) 58
(c) 68 (d) 48

Ans : (c) यदि भागफल k हो तो-
संख्या $= 483k + 68$
या $= 69\times7k + 68$
$\because$ $69\times7k$ में
k का मान कुछ भी रखने पर यह 69 से भाज्य है।
अतः शेषफल 68 होगा।

53. In which stage of labour the placenta is delivered?
प्रसव के किस चरण में गर्भनाल निकलता है?

(a) 1st stage /पहला चरण
(b) 3rd stage /तीसरा चरण
(c) 2nd stage /दूसरा चरण
(d) 4th stage /चौथा चरण

Ans : (b) प्रसव के निम्न चार चरण होते है-
पहला चरणः-
⇒ गर्भाशय शिशु को नीचे की ओर धकेलता है।
⇒ सर्विक्स खुलता है और पतला हो जाता है।
दूसरा चरणः- प्रसव का दूसरा चरण तब शुरू होता है जब सर्विक्स पूरी तरह फैल जाता है और इसका समापन शिशु के जन्म के साथ होता है यह चरण कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक रहता है।
तीसरा चरणः- प्रसव का तीसरा चरण है प्लेसेंटा और झिल्लियों का बाहर निकलना अर्थात गर्भनाल का बाहर निकलना। इसकी प्रक्रिया शिशु के जन्म के कुछ ही मिनट बाद आरंभ हो जाती है।
चतुर्थ चरण- इस अवस्था को Observational stage के नाम से भी जाना जाता है। प्लेसेन्टा की Delivery के बाद अगले एक घण्टे की अवधि प्रसव की चतुर्थ अवस्था कहलाती है।

54. The normal IQ level of human beings is ____
मानव का सामान्य आईक्यू स्तर .... है।

(a) 80–100
(b) 120–Above/120–उससे अधिक
(c) 110–120
(d) 90–100

Ans : (d) I. Q का Full form Intelligent Quotient होता है जिसका मतलब एक ऐसा गणक होता है, जिसके जरिये हमारी बुद्धि क्षमता का पता लगाया जा सके, सरल भाषा में बताये तो आईक्यू लेवल ये बताता है कि किसी व्यक्ति में कितनी बुद्धि है, वो कितना जीनियस है। यानि आपके दिमाग के काम करने की क्षमता ही आईक्यू कहलाती है।

बुद्धिलब्धि [I.Q] = मानसिक आयु /वास्तविक आयु ×100

IQ		वर्गीकरण
140 से अधिक	–	सर्वबुद्धिमान
120–139	–	अतिबुद्धिमान
110–119	–	बुद्धिमान
90–109	–	औसत बुद्धिमान

80–89	–	सामान्य
70–79	–	बुद्धू
50–69	–	महाबुद्धू
25–49	–	परम बुद्धू
0–24	–	मूर्ख

55. Down syndrome is also known as ____
डाउन सिन्ड्रोम को .... के नाम से भी जाना जाता है।

(a) Trisomy 13 /ट्राईसोमी 13
(b) Trisomy 18 / ट्राईसोमी 18
(c) Trisomy 21 / ट्राईसोमी 21
(d) Monosomy 13/ मोनोसोमी 13

Ans : (c) सामान्य रूप से शिशु 46 क्रोमोसोम के साथ पैदा होता है। 23 क्रोमोसोम का एक सेट शिशु अपने पिता से और 23 क्रोमोसोम एक एक सेट अपनी माँ से ग्रहण करता है। लेकिन डाउन सिण्ड्रोम तब होता है जब माता या पिता अतिरिक्त क्रोमोसोम का योगदान करते है। डाउन सिड्रोंम से पीड़ित शिशु में एक अतिरिक्त क्रोमोसोम आ जाता है जिससे शरीर में क्रोमोसोम की संख्या बढ़कर 47 हो जाती है। डाउन सिण्ड्रोम को Trisomy 21 के नाम से जाना जाता है।

56. Which one of the following is the emergency management of burn injury in the first 24 hours?
जलने के मरीज के लिए प्रथम 24 घंटों में आपातकालीन प्रबंधन निम्नलिखित में से कौन सा है?

(a) Plastic Surgery /प्लास्टिक सर्जरी
(b) Fluid Resuscitation /द्रव पुनर्जीवन
(c) Dressing /मरहम-पट्टी
(d) Antibiotic Therapy /एंटीबायोटिक चिकित्सा

Ans : (b) जलने पर मरीज के लिए प्रथम 24 घंटों में आपात कालीन प्रबन्धन Fluid Resuscitation है।

* जलना मामूली चिकित्सीय समस्या या जानलेवा स्थिति भी हो सकती है। बिजली रसायन या आग शरीर के जलने के आम कारण हो सकते है।

पुर्नजीवन द्रवप्रबन्धन पार्कलैंड सूत्र का उपयोग करता है।

पार्कलैंड सूत्र = 4 मिली ×TBSA(%) ×शरीर का वजन (किग्रा)
पहले 8 घण्टे में तरल का आधा भाग दिया जाता है। शेष आधा भाग अगले 16 घण्टे में दिया जाता है।
बाल चिकित्सा में पार्कलैंड सूत्र में समान्य अनुरक्षित द्रव जोड़ा जाता है।

57. A framework for quality care does not include:
गुणवत्ता देखभाल की रूपरेखा में ...... शामिल नहीं है।

(a) Critical Thinking /महत्वपूर्ण विचार
(b) Professional Standards /पेशेवर मानक
(c) Mission, Values /मिशन, मूल्यों
(d) Care Guidelines /देखभाल दिशानिर्देश

Ans : (a) गुणवत्ता देखभाल की रूपरेखा में महत्वपूर्ण विचार (Critical Thinking) शामिल नहीं है। जबकि इसमें पेशेवर मानक, मिशन, सिद्धान्त देखभाल दिशानिर्देश शामिल होते है।

58. Wermer's syndrome is considered as _____
वर्मर्स सिंड्रोम को .... माना जाता है।

(a) MEN I (b) MEN II
(c) MEN IV (d) MEN III

Ans : (a) वर्मर्स सिड्रोम (Wermer's syndrome) को MEN I माना जाता है। MEN I एक वंशानुगत सिंड्रोम जो इण्डोक्राइन ग्लैण्ड के ट्यूमर से जुड़ा होता है। MEN I का विस्तृत रूप Multiple endocrine neoplasia Type-I होता है।

59. All green plants and bacteria which can synthesize their food by photosynthesis come under the category of _____
सभी हरे पौधे और जीवाणु जो प्रकाश संश्लेषण विधि से अपना भोजन तैयार कर सकते हैं, ... श्रेणी में आते हैं।

(a) Decomposers /विघटनकारक
(b) Intakers /ग्राहक
(c) Food givers /खाद्य प्रदाता
(d) Producers /उत्पादक

Ans : (d) सभी हरे पौधे और जीवाणु जो प्रकाश संश्लेषण विधि से अपना भोजन तैयार कर सकते हैं, उत्पादक श्रेणी में आते हैं। इस क्रिया में पौधों से ऑक्सीजन (O_2) निकलकर वातावरण में मिल जाती है। यह ऑक्सीजन सभी जीवधारियों के श्वसन में काम आती है, जिसके फलस्वरूप ऊर्जा प्राप्त होती है। उपभोक्ता (Consumers) भोजन के लिए उत्पादकों पर निर्भर रहते है। निम्न श्रेणी के पौधे, जो मृत शरीर को सड़ा देते है, अपघटक (Decomposers) कहलाते है।

60. Which is a chronic inflammatory and autoimmune disease affecting peripheral synovial joints of bone?
हड्डी की परिधीय स्नेहक संधि को प्रभावित करने वाला एक गंभीर सूजन-संबंधी और स्व-प्रतिरक्षित रोग कौन सा है?

(a) Rheumatoid /संधिवाताभ
(b) Polyarthritis /बहुसंधिशोध
(c) Oreoarthritis /अस्थिसंधिशोथ
(d) Ankylosing /अचलताकारक

Ans : (a) हड्डी की परिधीय स्नेहक संधि (Synovial joints) को प्रभावित करने वाला एक गंभीर सूजन-संबंधी और स्व-प्रतिरक्षित (autoimmune) रोग संधिवाताभ (Rheumatoid) है। संधि का मतलब जोड़ होता है और वात का मतलब शरीर में उपस्थित एक दोष वायु होता है। जब वात कुपित होकर शरीर के जोड़ों को विकारग्रस्त कर देती है, तब इस व्याधि को सन्धिवाताभ कहते है। इस रोग से जोड़ों में गाँठे बन जाती है इसलिए इस रोग को गठिया रोग भी कहते है।

61. Which one of the following includes the immediate step in resuscitation of the new born?
मृतप्राय नवजात को जीवित करने के लिए निम्नलिखित में कौन सा तत्काल उठाया जाने वाला कदम है?

(a) Suction of the baby's stomach
बच्चे के पेट का चूषण
(b) Clearing the oral and nosal airway
मुख और नाक के वायुमार्ग को साफ करना
(c) Squeezing the chest to remove secretions from the airway /वायुमार्ग से स्रवण को हटाने के लिए छाती को दबाना
(d) Routinely giving sodium bicarbonate
नियमित रूप से सोडियम बाइकार्बोनेट देना

Ans : (b) मृतप्राय नवजात को जीवित करने के लिए तत्काल उठाया जाने वाला कदम मुख और नाक के वायुमार्ग को साफ करना है। ताकि वह भली भांति श्वसन कर सके एवं आवश्यक शारीरिक गतिविधियों के लिए शिशु को ऑक्सीजन मिल सके।

62. A diet high in saturated fats can be linked to __
उच्च संतृप्त वसा वाले आहार को .... से जोड़ा जा सकता है।

(a) Kidney failure /किडनी की खराबी
(b) Cardiac /heart diseases /हृदय के रोग
(c) Anorexia /क्षुधामान्द्य
(d) Bulimia /अतिक्षुधा

Ans : (b) उच्च संतृप्त वसा वाले आहार को हृदय रोग से जोड़ा जा सकता है। हमारे शरीर को कार्य करने के लिए ऊर्जा की प्राप्ति उच्च वसा से होती है। उच्च संतृप्त वसा शरीर में LDL (Low density lipoprotein) को बढ़ाती है जिसकी उच्च मात्रा हृदय आघात और हृदय संबंधी बीमारियों को जन्म देती है।

63. Who discovered the antibiotic penicillin?
एंटीबायोटिक पेनिसिलिन की खोज किसने की थी?

(a) Alexander Fleming /अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(b) Edward Jenner /एडवर्ड जेनर
(c) Waksman /वैक्समन
(d) None of these /इनमें से कोई नहीं

Ans : (a) एंटीबायोटिक पेनिसिलीन की खोज वर्ष 1928 में एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने की थी। इन्होने पेनिसिलिन को पेनिसिलियम नोटेटम से प्राप्त किया। इसके लिए इन्हें वर्ष 1945 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन को पेनिसिलियम क्राइसोजिनम से तैयार किया जाता है।

64. The ratio of number of girls to boys in a school of 4500 students is 49:51. How many more girls should be admitted to make the ratio 1 : 1?
4500 विद्यार्थियों वाले एक विद्यालय में लड़कियों और लड़कों की संख्या का अनुपात 49:51 है। कितनी और लड़कियों को दाखिल करना चाहिए जिससे यह अनुपात बदल कर 1:1 हो जाए?

(a) 88 (b) 90
(c) 92 (d) 86

Ans : (b) विद्यालय में लड़कियों की संख्या

$$= \frac{4500 \times 49}{(49+51)} = 2205$$

∴ लड़कों की संख्या = 4500–2205 = 2295

माना x लड़कियों को दाखिल करने से अनुपात 1:1 हो जायेगा-

$$\therefore \frac{2205+x}{2295} = \frac{1}{1}$$

2205+x = 2295

x = 2295 – 2205 = 90

65. Which one of the following aspects is not considered as an indicator of a hospital system?
निम्नलिखित में से कौन सा पहलू अस्पताल प्रणाली का संकेतक नहीं माना जाता है?

(a) Patient Satisfaction /रोगी की संतुष्टि
(b) Public Relations /जन संपर्क
(c) Machinery /मशीनरी
(d) Quality of Care /देखभाल की गुणवत्ता

Ans : (c) मशीनरी (Machinery)- मशीनरी (Machinery) वह पहलू है जो अस्पताल प्रणाली का संकेतक नहीं माना जाता है। अस्पताल प्रणाली स्वास्थ्य की देखभाल करने की संस्था है। इसमें विशिष्टताप्राप्त चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ के द्वारा तथा विभिन्न प्रकार के उपकरणों की सहायता से रोगियों का रोग से निदान एवं चिकित्सा की जाती है। अस्पताल प्रणाली के संकेतन में रोगी की संतुष्टि, जन संपर्क तथा देखभाल की गुणवत्ता आदि माना जाता है।

66. Two bells ring at intervals of 59 seconds and 70 seconds. If they both ring at 10 O'clock in the morning together, after how many seconds will they ring together again?
दो घंटियाँ 59 सेकंड और 70 सेकंड के अंतराल पर एक साथ बजना शुरू हुई। यदि वे दोनों सुबह 10 बजे एक साथ बजती हैं, तो वे दोबारा कितने सेकंड बाद एक साथ बजेंगी?

(a) 4230 (b) 4030
(c) 4330 (d) 4130

Ans : (d) अभीष्ट समय 59 और 70 का ल.स.प. होगा।
59 और 70 का ल.स.प. 4130 होगा। अतः दोनों घंटियां 4130 सेकंड बाद एकसाथ बजेगी।

67. Which of the following is a biodegradable material?
निम्नलिखित में से क्या एक प्राकृतिक तरीके से सड़नशील पदार्थ है?

(a) Wood /लकड़ी
(b) Plastic bag /प्लास्टिक की थैली
(c) Nuclear waste /परमाणु अपशिष्ट
(d) Aluminium /एल्युमिनियम

Ans : (a) लकड़ी एक सड़नशील (biodegradable) पदार्थ है। सड़नशील पदार्थ के अन्तर्गत ऐसे पदार्थ आते है जिनका विघटन जीवाणुओं द्वारा हो जाता है जैसे- लकड़ी, जन्तु, भोज्य पदार्थ, सब्जियाँ आदि ।
ऐसे पदार्थ जिनका विघटन जीवाणुओं द्वारा संभव नहीं है उन्हें असड़नशील पदार्थ (Non-Biodegradable) कहते है। जैसे- प्लास्टिक की थैली, परमाणु, अपशिष्ट, एल्युमिनियम।

68. Nominal variables are also known as ____
.........को नाममात्र चर के रूप में भी जाना जाता है।

(a) Ordinal variable /क्रमिक चर
(b) Categorical variable /श्रेणीगत चर
(c) Discrete variable /असतत चर
(d) Confounding variable /परस्पर चर

Ans : (b) श्रेणीगत चर (Categorical variable) को नाममात्र चर के रूप में भी जाना जाता है। इसमें चर के किसी गुण या विशेषता के आधार पर नाम, शब्द अंक या संकेत प्रदान किया जाता है। इनमें कोई क्रम या संबंध अंतर्निहित रहता है।

69. Which is the main characteristic of scientific research?
वैज्ञानिक अनुसंधान का मुख्य लक्षण कौन-सा है?

(a) Empirical Research /अनुभवजन्य अनुसंधान
(b) Experimental Research /प्रायोगिक अनुसंधान

(c) Theoretical Research /सैद्धांतिक शोध
(d) Historical Research /ऐतिहासिक शोध

Ans : (b) अनुसंधान उस प्रक्रिया अथवा कार्य का नाम है जिसमें बोधपूर्वक प्रयत्न से तथ्यों का संकलन कर सूक्ष्मग्राही एवं विवेचक बुद्धि से उसका अवलोकन-विश्लेषण करके नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है वैज्ञानिक अनुसंधान का मुख्य लक्षण प्रायोगिक अनुसंधान (Experimental Research) है। वैज्ञानिक अनुसंधान के अन्य लक्षण है-

⇒ निष्पक्षता ⇒ सत्यता
⇒ नैतिक तटस्थता ⇒ व्यवस्थित अन्वेषण
⇒ विश्वसनीयता ⇒ सटीकता
⇒ अमूर्तता और पूर्वानुमेयता

70. Which function is transmission of sound vibrations to the internal ear?
आंतरिक कान के लिए ध्वनि कंपन का संचरण किसका कार्य है?
(a) Auricle /अलिंद
(b) Tympanic membrane /कान का पर्दा
(c) Vestibule /वेस्टिब्यूल
(d) Eustachian tube /कंबुकर्णी नली

Ans : (b) कान का पर्दा (Tympanic membrane or Tympanum)- आंतरिक कान के लिए ध्वनि कंपन का संचरण करता है। यह सदैव मैलियस नामक कर्ण अस्थिका (एक पेशी) द्वारा टिम्पैनिक गुहा की दीवार की ओर खिंचा रहता है। कर्ण पल्लव ध्वनि की आहट पर तनकर इधर-उधर हिलते है। ध्वनि-तरंगे इनसे टकराकर कर्ण गामी की ओर बढ़ती है तथा तने हुए कर्णपटह से टकराकर इसमें कम्पन (Vibration) उत्पन्न करते है, जो प्रायः तीनों कर्ण अस्थियों में होता हुआ फेनेस्ट्रा ओवेलिस पर मढ़ी झिल्ली में पहुँचता है। कर्ण-अस्थिकाओं के विशिष्ट विन्यास के कारण कर्णपटह से फेनेस्ट्रा ओवैलिस तक पहुँचते-पहुँचते कम्पन अधिक प्रबल हो जाता है। फेनेस्ट्रा ओवैलिस पर झिल्ली में कम्पन के फलस्वरूप कॉक्लिया के पृष्ठवर्ती कक्ष (Scala Vestibuli) की परिलसिका कम्पित होने लगती है। कम्पन की ये तरंगे वेसीलर कला में पहुँचती है और कॉरटाई के अंग में भी कम्पन उत्पन्न करती है। इससे कॉरटाई अंग की संवेदी कोशिकाओं की ओर अपेक्षाकृत स्थिर टेक्टोरियल कला के पदार्थ से टकराकर, श्रवण संवेदना की प्रेरणा स्थापित कर देते है। कॉक्लियर तंत्रिका इसी प्रेरणा को श्रवण तंत्रिका में पहुँचा देती है। श्रवण तंत्रिका इसे मस्तिष्क में पहुँचा देती है। मस्तिष्क से उपयुक्त ग्राही अंगों को अनुकूल प्रतिक्रिया की प्रेरणा भेज दी जाती है।

71. Which one of the following is a function of the liver?
निम्न में से कौन सा यकृत का एक काम है?
(a) Synthesis of plasma protein
प्लाज्मा प्रोटीन का संश्लेषण
(b) Elimination of carbohydrates
कार्बोहाइड्रेट को निकालना
(c) Concentration of bile /पित्त का संकेद्रण
(d) Secretion of cholecystokinin
कोलेसिस्टोकिनिन का स्राव

Ans : (a) प्लाज्मा प्रोटीन का संश्लेषण यकृत का प्रमुख कार्य है। यकृत कोशिकाएं स्वयं प्रोथ्रॉम्बिन तथा फाइब्रेनोजन नामक रूधिर प्रोटीन्स का संश्लेषण करती है जिनकी चोट लगने पर रक्त का थक्का जमने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिगर के अन्य प्रमुख कार्य है-

⇒ पित्त का स्रावण
⇒ ग्लाइकोजेनिसिस एवं ग्लाइकोलाइसिस
⇒ वसा उपापचय
⇒ डीऐमीनेशन
⇒ यूरिया का संश्लेषण
⇒ उत्सर्जी पदार्थ का बहिष्करण
⇒ विषैले पदार्थों का विषहरण
⇒ रूधिराणुओं का निर्माण एवं विखंडन
⇒ अकार्बनिक पदार्थो का संग्रह
⇒ एन्जाइमों का स्रावण
⇒ हिपैरिन का स्रावण
⇒ रक्त में प्रोटीन का संश्लेषण
⇒ जीवाणुओं का भक्षण
⇒ विटामिनों का संश्लेषण एवं संचय
⇒ लसीका उत्पादन एवं संचय

72. In this question, relationship between different elements is shown in the statement. This statement is followed by three conclusions. Assume the given statement to be true and choose the answer from the given options:
Statement: $W = O > R \geq I > E < D$
Conclusions:
(i) $E < R$
(ii) $I < O$
(iii) $W > I$
इस प्रश्न में, कथन में विभिन्न तत्वों के बीच संबंध दर्शाया गया है। कथन के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथन को सत्य मानें और दिए गए विकल्पों में से उत्तर चुनें:
कथनः $W = O > R \geq I > E < D$
निष्कर्षः
(i) $E < R$
(ii) $I < O$
(iii) $W > I$
(a) Only (i) and (ii) follow
केवल (i) और (ii) अनुसरण करते हैं
(b) Only (ii) and (iii) follow
केवल (ii) और (iii) अनुसरण करते हैं
(c) Only (iii) follow /केवल (iii) अनुसरण करता है
(d) All follow /सभी अनुसरण करते हैं

Ans : (d) दिया गया कथन है-
$W = O > R \geq I > E < D$
निकर्ष
(i) $E < R$ - सत्य ($R \geq I > E$, इसलिए $E < R$ निश्चित सत्य है।
(ii) $I < O$ - सत्य ($O > R \geq I$, इसलिए $O > I$ निश्चित सत्य है।
(iii) $W > I$ - सत्य ($W = O > R \geq I$, इसलिए $W > I$ निश्चित सत्य है।
इसलिए, सभी अनुसरण करते है।

73. What is cardinal sign of meningitis?
मेनिनजाइटिस का आधारभूत संकेत क्या है?
(a) Trousseau's Sign /ट्रूसो का संकेत

(b) Kerning Sign /कार्निंग साइन
(c) Ortolani Sign /ओर्टोलानी साइन
(d) Chvostek's Sign /चवोस्टेक का चिन्ह

Ans : (b) मेनिनजाइटिस (Meningitis) का आधार भूत संकेत Kerning Sign है। मेनिनजाइटिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क के आस-पास मेनिंजेस में सूजन आ जाता है। यह बुखार और सिरदर्द जैसे संकेतों को ट्रिगर कर सकता है। इससे पीड़ित रोगी अपने घुटने को कूल्हे पर 90 डिग्री के कोण पर रखकर घुटनों का विस्तार नहीं कर सकता जिसे कर्निंग साइन कहा जाता है।

74. The Pong dam is built on which of the following rivers?
निम्नलिखित में से किस नदी पर पोंग बाँध बनाया गया है?

(a) Sutlej /सतलुज (b) Beas /ब्यास
(c) Ravi /रावी (d) Chenab /चेनाब

Ans : (b)

नदी		**बाँध**
ब्यास	–	पोंग
सतलुज	–	भांखड़ा नांगल बाँध
चेनाब	–	बगलिहार
रावी	–	शाहपुर कंडी

75. Bile salts are important for digestion of ___
.... के पाचन के लिए पित्त लवण महत्वपूर्ण हैं।

(a) Fat /वसा (b) Protein /प्रोटीन
(c) Carbohydrate/कार्बोहाइड्रेट (d) Iron /लौह

Ans : (a) वसा के पाचन के लिए पित्त लवण महत्वपूर्ण है। पित्त लवण वसा पाचक एंजाइमों को सक्रिय करते है। इसके कार्बनिक लवण काइम की वसाओं के पृष्ठीय तनाव (Surface Tension) को कम करके सूक्ष्म बिन्दुओं (Globules) में तोड़ते है ताकि अग्नाशयी रस के लाइपेज की इन पर अधिकतम प्रतिक्रिया हो सके। वसा के सूक्ष्म बिन्दुक पित्त के जल के साथ वैसा ही इमल्सन बना लेते है जैसा कि जाड़ों में हमारे कंधे पर तेल और पानी का दिखाई देता है। इसीलिए इसे वसा का इमल्सीकरण कहते है।

76. In a certain code language, if BEACH is coded as GDCJE, then how is FLUID coded in that language?
एक कूट भाषा में यदि BEACH को GDCJE लिखा जाता है, तो उसी भाषा में FLUID को कैसे लिखा जाएगा?

(a) UOLRW (b) HNWKF
(c) GLXOI (d) NHWFK

Ans : (d) जिस प्रकार,

B E A C H
+2 +2 +2 +2 +2
G D C J E

उसी प्रकार

F L U I D
+2 +2 +2 +2 +2
N H W F K

77. Which is the earliest sign of rickets?
रिकेट्स का प्रारंभिक संकेत क्या है?

(a) Harrisons' Groove /हैरिसन्स ग्रूव
(b) Craniotabes /कैनियोटैब्स
(c) Bow Legs /बो लेग्स
(d) Rickety Rosary /रिकेटी रोसरी

Ans : (b) रिकेट्स एक प्रकार का हड्डियों का विकार होता है जो बचपन में होता है। इस विकार में हड्डियाँ काफी नरम हो जाती है और उनके टूटने का खतरा बढ़ जाता है। यह रोग विटामिन डी की कमी से होता है यह रोग आनुवंशिक कारणों से भी हो सकता है। रिकेट्स का प्रारम्भिक संकेत क्रैनियोटैब्स है। रिकेट्स रोग के लक्षणों में हड्डियों का कमजोर होना, टांगे मुड़ना, मांसपेशियाँ ढीली पड़ना, शारीरिक विकास में कमी, हड्डियों में फ्रैक्चर बढ़ना आदि शामिल है। रिकेट्स रोग होने से बचने के लिए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए, जिसमें पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन डी उपस्थित हो।

78. Life threatening condition due to rapid loss of blood or body fluids is known as _____.
रक्त या शरीर के तरल पदार्थों के तेजी से नुकसान के कारण जीवन के लिए खतरा होने वाली स्थिति को ..... के रूप में जाना जाता है।

(a) Hypovolemic shock /हाइपोवॉल्मिक शॉक
(b) Neurogenic shock /न्यूरोजेनिक शॉक
(c) Anaphylactic shock /ऐनाफैलैक्टिक शॉक
(d) Septic shock /पूतिदूषित शॉक

Ans : (a) Hypovolemic shock:- हाइपोवॉल्मिक शॉक शरीर में रक्त एवं तरल पदार्थो की कमी के कारण होता है। जब अंगों और ऊतकों तक रक्त और ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा नहीं जा पाती तो इसकी समस्या हो जाती है। इसकी वजह से रक्तचाप बहुत कम हो जाता है।

Neurogenic shock:- न्यूरोजेनिक शॉक आमतौर पर रीढ़ की हड्डी की चोट के बाद दिखाई देती है जो जीवन को खतरे में डाल सकती है।

Septic shock:- यह खून में बैक्टीरिया के फैलने और विषाक्त पदार्थो के कारण होता है। इसके सामान्य कारण है निमोनिया, मूत्रपथ में संक्रमण, त्वचा संक्रमण।

79. The frictional force exerted by the fluids also called?
तरलों द्वारा लगाए गए घर्षण बल को यह भी कहा जाता है-

(a) Slag /धातुमल (b) Effort /श्रम
(c) Drag /कर्षण (d) Core /कोर

Ans : (c) तरलों (द्रव) द्वारा लगाए गए घर्षण बल को कर्षण (Drag) कहते है। यह किसी द्रव माध्यम में वस्तु की गति का विरोध करता है।

80. The memory disorder that affects older adults is ____.
उम्रदराज वयस्कों को प्रभावित करने वाला स्मृति विकार ...... है।

(a) Insomnia /अनिद्रा (b) Dystrophy /दुष्पोषण
(c) Dyspnoea /दमा (d) Dementia /मनोभ्रंश

Ans : (d) डिमेंशिया सामान्य रूप से मानसिक क्षमता में आई कमी को कहते है, जिसमें सोचने की क्षमता कम हो जाती है। उम्रदराज वयस्कों को प्रभावित करने वाला स्मृति विकार मनोभ्रंश है। डिमेंशिया के सात चरण होते है। डिमेशिया के शिकार हुए लोगों को विभिन्न लक्षण का अनुभव हो सकता है जो निम्नलिखित है-

1. संक्षेप में सोचने की क्षमता
2. हाल ही में याददाश्त खोना
3. व्यक्तित्व में बदलाव
4. चीजों को रखकर भूलना
5. व्यवहार का बदलना

81. Who won the Australian Open 2019 Men's single title?
ऑस्ट्रेलियन ओपन 2019 में पुरूष एकल का खिताब किसने जीता था?

(a) Rafael Nadal /राफेल नडाल
(b) Roger Federer /रोजर फेडरर
(c) Andy Murray /एंडी मरे
(d) Novak Djokovic /नोवाक जोकोविच

Ans : (d) ऑस्ट्रेलियन ओपन 2019 का आयोजन जनवरी, 2019 में मेलबर्न, आस्ट्रेलिया में किया गया। इस प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब नोवाक जोकोविच ने राफेल नडाल को हराकर जीता जबकि महिला एकल खिताब नाओमी ओसाका ने पेत्रा क्विटोवा को हराकर जीता। वर्ष 2020 में संपन्न आस्ट्रेलियाई ओपेन के पुरुष एकल वर्ग के विजेता नोवाक जोकोविच ही है जबकि महिला एकल वर्ग में सोफिया केनिन विजेता रही हैं।

82. Which is a cause of Anuria?
मूत्राल्पता का एक कारण कौन सा है?

(a) Appendicitis /आंत्रपुच्छकोप
(b) Gastritis /जठरशोथ
(c) Pyrexia /बुखार
(d) Renal failure /किडनी की खराबी

Ans : (d) मूत्राल्पता (Anuria) किडनी की खराबी के कारण होता है। मूत्राल्पता के रोगी को पेशाब अल्पमात्रा में और बार-बार आता है। उच्च रक्त चाप और मधुमेह गुर्दे की विफलता के दो सबसे आम कारण है।

83. Standards of mental health practices are published by ________
मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा का मानक .... द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

(a) American Nurses Association
अमेरिकन नर्सेस एसोसिएशन
(b) Indian Nursing Council /इंडियन नर्सिंग काउंसिल
(c) State Nursing Council /स्टेट नर्सिंग काउंसिल
(d) Trained Nurses Association of India
ट्रेन्ड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया

Ans : (a) मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा का मानक अमेरिकन नर्सेस एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित किया जाता है। इसकी स्थापना 1896 में न्यूयार्क में हुई थी इसका पूर्व नाम नर्सेस एसोसिएशन एलुमनी ऑफ द यूएसए कनाडा (1896-1901) तथा नर्सेस एसोसिएटेड एलुमनी (1900-11) था जिसे 1911 में अमेरीकन नर्स एसोसिएशन का नाम दिया गया था।

84. The ancient Harappan city of Lothal is located in the state of _____
लोथल का प्राचीन हड़प्पा शहर .... राज्य में है।

(a) Gujarat /गुजरात
(b) Rajasthan /राजस्थान
(c) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(d) Punjab /पंजाब

Ans : (a) लोथल का प्राचीन हड़प्पा शहर, गुजरात राज्य में है। यह भोगवा नदी के किनारे स्थित है जहाँ से सैंधवकालीन घोड़े के अस्थिपंजर प्राप्त हुए है।

85. Effective approach in preventing pulmonary embolism is to prevent ____.
फुफ्फुसीय अन्तः शल्यता की रोकथाम में प्रभावी दृष्टिकोण ...... को रोकना है।

(a) Heart Disease /हृदय रोग
(b) Deep Vein Thrombosis /गहरी नस घनास्रता
(c) Chronic Obstructive Pulmonary Disease
चिरकालिक प्रतिरोधी फुफ्फुसीय रोग
(d) Diabetes /मधुमेह

Ans : (b) फुफ्फुसीय अन्तः शल्यता की रोकथाम में प्रभावी दृष्टिकोण डीप वेन थ्रॉम्बोसिस (DVT) को रोकना है DVT एक खून का थक्का है, जो शरीर के गहरे नसों में होता है। अधिकतर DVT पैर के निचले हिस्से या जांघ में होते हैं। अगर नस फूल जाती है, तो इसे थ्रॉम्बोफ्लेबाइटिस कहा जाता है। DVT फेफड़ों में एक गंभीर समस्या पैदा कर सकता है जिसे पल्मोनरी एम्बोमिडम कहा जाता है। लम्बे समय तक बैठे रहने या कुछ दवाओं और विकारों के कारण रक्त के थक्का बनने के खतरे को बढ़ावा मिलता है जिससे DVT होने की संभावना होती है।

86. How many drops per minute would you administer when the doctor's order states that the client should receive 1000 cc of fluid for 8 hours and the IV set delivers 20 gtts per cc?
जब डॉक्टर के निर्देश में कहा गया है कि रोगी को 8 घंटे में 1000 cc तरल पदार्थ और IV सेट 20 gtts प्रति cc मिलना चाहिए, तब आप प्रति मिनट कितनी बूँदें देंगे?

(a) 48 gtts (b) 51 gtts
(c) 42 gtts (d) 31 gtts

Ans : (c) जब डाक्टर के निर्देश में कहा जाता है कि रोगी को 8 घण्टों में 1000 cc तरल पदार्थ और IV सेट 20 gtts प्रति cc मिलना चाहिए, तब हमें प्रति मिनट 42 gtts बूदें देने होगें। बूँद प्रति मिनट की गणना निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से की जाती है-

ड्रॉप रेट = ड्रॉप फैक्टर* Volume/60* time (hours)

Given, the drop factor is 20 gtts/cc, Volume is 1000 cc & time is 8 hours.

$\therefore$ Drip rate = 20* 1000/8* 60 = $\frac{125}{3}$ = 41.6 = 42gtts.

87. Which theory was developed by a nurse?
किसी नर्स द्वारा कौन सा सिद्धांत विकसित किया गया था?

(a) Uncertainty in Illness theory
बीमारी की अनिश्चितता का सिद्धांत
(b) Hierarchy of need theory
आवश्यकता के सिद्धांत का पदानुक्रम
(c) Social cognitive theory
सामाजिक संज्ञानात्मक सिद्धांत
(d) Job satisfaction theory /कार्य संतुष्टि का सिद्धांत

Ans : (a) बीमारी के अनिश्चितता का सिद्धांत किसी नर्स द्वारा विकसित किया गया था।
बीमारी के सिद्धांत में मिशेल की अनिश्चितता यह समझने के लिए एक वैचारिक ढांचा प्रदान करती है। कि अनिश्चितता कैसे उत्पन्न होती है। और यह कैंसर के अनुभव के लिए मनोवैज्ञानिक समायोजन को कैसे प्रभावित करती है।